[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

# लोक शिक्षा समिति बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

**प्रांतीय पत्रक-02/युगाब्द-5128 विक्रम संवत्-2083 दिनांक-30.06.2026**

**आदरणीय बंधुवर/भगिनी,**

**सादर वन्दे!**

**गर्जन्ति मेघाः प्रविशन्ति नीपाः,**
**कदम्बपुष्पाणि च राजितानि।**
**सरोवराः पूरिता वारिणा च,**
**दृष्टाः कृषीवलाः कृषि कर्मणि च॥**

अर्थ :- बादल गरज रहे है, जंगल के वृक्ष महक रहे हैं और कदंब के फूल खिलकर सुशोभित हो रहे हैं। सरोवर(तालाब) जल से भर गए हैं और किसान आपने कृषि कार्य में अत्यंत प्रसन्न हैं।

अर्थात विद्या भारती के पूरक हम सब कार्यकर्ता उपरोक्त श्लोक के अनुसार अपने कर्म पथ पर अग्रसर हो रहें होंगे। संगठन की रीति एवं नीति को समाज संयोजित करते हुए यह पत्रक पुनः कार्यकुशलता एवं कार्य दक्षता को परिभाषित एवं परिमार्जित करेगा ऐसा विश्वास है। आइए नये सत्र के कुछ अपने संपन्न कार्यक्रमों एवं आगामी कार्यक्रमों पर एक दृष्टि डालें : -

## विषयानुक्रम : -

### संपन्न कार्यक्रम : -

1. सत्रारंभ
2. विश्व स्वास्थ्य दिवस
3. अंकेक्षण दिवस
4. शिशु-बाल किशोर एवं कन्या भारती का गठन
5. डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयंती
6. प्रांतीय संकुल संयोजक, संकुल प्रमुख एवं प्रांतीय विषय परिषद की बैठक
7. प्रांतीय वंदना सह गीत प्रशिक्षण वर्ग
8. प्रांतीय शारीरिक एवं खेलकूद प्रशिक्षण वर्ग
9. विभागस्तरीय प्रधानाचार्य बैठक
10. प्रांतीय समूह खेलकूद प्रतियोगिता
11. प्रांतीय सेवा स्थायित्व, नवीन कार्यरत आचार्य एवं प्रधानाचार्य विकास वर्ग

### आगामी कार्यक्रम : -

1. क्षेत्रीय समूह खेलकूद (कबड्डी एवं खो-खो)
2. पंचपदी अधिगम शिक्षण प्रक्रिया कार्यशाला
3. प्रांतीय छात्रावास प्रमुख बैठक
4. सी. डी. श्रेणी प्रधानाचार्य बैठक
5. A + B श्रेणी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधानाचार्यो की बैठक
6. क्षेत्रीय जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता
7. क्षेत्रीय ताईक्वांडो एवं बैकलिंग प्रतियोगिता
8. क्षेत्रीय बास्केटबॉल, हैंडबाल प्रतियोगिता
9. क्षेत्रीय योगासन प्रतियोगिता
10. क्षेत्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता
11. क्षेत्रीय वॉलीवॉल एवं कुश्ती प्रतियोगिता
12. क्षेत्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता
13. प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह

### अन्यान्य : -

- विलंब शुल्क के साथ अर्धवार्षिक परीक्षा का शुल्क भेजने की अंतिम तिथि
- श्री गुरु पूर्णिमा
- अरुणोदय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
- प्रथम बस्ता-वेश प्रतियोगिता
- अरुणोदय पत्रिका के संपादक मंडल की बैठक

- अरुणोदय पत्रिका हेतु रचना एवं चित्र भेजना
- मासिक आय-व्यय फलक
- बकाया राशि का प्रेषण
- स्वतंत्रता दिवस

## संपन्न कार्यक्रम -

1. **सत्रारंभः** सभी विद्यालयों में सत्रारंभ आध्यात्मिक वातावरण में हवन-पूजन, ज्येष्ठ जनों के आशीर्वाद से आकर्षक एवं उत्साहपूर्वक माहौल में संपन्न हुआ।

2. **विश्व स्वास्थ्य दिवसः** अपने सभी विद्यालयों में एक सप्ताह तक विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया तथा शिविर लगाकर स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया।

3. **अंकेक्षण दिवसः** अपने सभी विद्यालयों में 10 अप्रैल को अंकेक्षण दिवस के रूप में मनाया गया। अंकेक्षण हेतु खाता, रोकड़, दैनिक शुल्क संग्रह पंजी, व्यय प्रमाणक इत्यादि सहित अंकेक्षक के यहाँ भेज दिया गया है। जहाँ अभी भी शेष है, वे भी अपना ऑडिट करा लेंगे।

4. **शिशु-बाल किशोर एवं कन्या भारती का गठन :** 8 अप्रैल से 14 अप्रैल के बीच सभी विद्यालयों में शिशु, बाल किशोर एवं कन्या भारती का गठन हो गया है तथा भव्य रूप से शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया।

5. **डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती :** 14 अप्रैल को विद्या भारती अपने सभी विद्यालयों में डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर समरसता दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम पूरे सप्ताह तक मनाया गया।

6. **प्रांतीय संकुल संयोजक, संकुल प्रमुख एवं प्रांतीय विषय परिषद की बैठक :** विद्यालय की संकुल स्तर पर व्यवस्थित बनाने के लिए प्रांतीय संकुल संयोजक, संकुल प्रमुख एवं प्रांतीय विषय परिषद् की बैठक 18-20 अप्रैल-2026 तक सरस्वती विद्या मंदिर, दर्शन नगर, छपरा में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में 16 संकुल संयोजक, 35 संकुल प्रमुख, क्षेत्रीय अधिकारी 01, प्रांतीय अधिकारी 05 एवं सभी पूर्णकालिक सहित कुल 65 उपस्थिति रही साथ ही प्रांतीय विषय परिषद में विषय प्रमुख 80, क्षेत्रीय अधिकारी 01, प्रांतीय अधिकारी 02, पूर्णकालिक 08, मातृ संगठन से 02 कुल 93 उपस्थिति रही।

7. **प्रांतीय वंदना सह गीत प्रशिक्षण वर्ग :** लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा संचालित सभी विद्यालयों में वंदना, गीत का स्वर समान हो, इस हेतु कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण लगाया गया। यह प्रशिक्षण 25-29 अप्रैल-2026 तक आचार्य प्रशिक्षण महाविद्यालय विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में पुरुष आचार्य 17, महिला आचार्य 45, प्रशिक्षक 05, प्रांतीय अधिकारी 04 एवं 02 पूर्णकालिक के साथ कुल संख्या 73 की रही। डॉ० सुबोध कुमार, मा. प्रदेश मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति रही।

8. **प्रांतीय शारीरिक एवं खेलकूद प्रशिक्षण वर्ग :** यह प्रशिक्षण वर्ग 02-06 मई-2026 तक आचार्य प्रशिक्षण महाविद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खेल अधिकारी मुजफ्फरपुर, विश्वविद्यालय के खेल निदेशक एवं श्री रामलाल सिंह, प्रदेश सचिव, लोक शिक्षा समिति उपस्थित रहें। वर्ग में पुरुष प्रतिभागी 62, महिला प्रतिभागी 05, पूर्णकालिक 03, कुल 70 की उपस्थिति रही।

9. **विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक :** विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक विभिन्न तिथियों में इस प्रकार रही।

| विभाग | उप० | अनु० | योग | स्थान | तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| पूर्णियाँ | 22 | 00 | 22 | गुलाबबाग, पूर्णियाँ | 14 मई |
| कोशी | 17 | 02 | 19 | बिहारीगंज, मधेपुरा | 14 मई |
| बेगूसराय | 19 | 02 | 21 | शाहपुर पटोरी, समस्तीपुर | 10 मई |
| दरभंगा | 12 | 03 | 15 | कोलहन्टा पटोरी, दरभंगा | 11 मई |
| सीतामढ़ी | 23 | 02 | 25 | लक्ष्मीनगर, सीतामढ़ी | 11 मई |
| मुजफ्फरपुर | 12 | 05 | 17 | फुलाढ़, मुजफ्फरपुर | 10 मई |
| चंपारण | 36 | 03 | 39 | हरसिद्धी, पूर्वी चम्पारण | 13 मई |
| सिवान | 23 | 00 | 23 | बड़हरिया, सिवान | 12 मई |

10. **प्रांतीय समूह खेलकूद (कबड्डी एवं खो-खो) प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता 17-19 मई-2026 तक सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, सिवान में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यालय 39, प्रतिभागी भैया 582, बहन 304, संरक्षक आचार्य 42, संरक्षक दीदी 18, निर्णायक पुरुष 33, निर्णायक महिला 07, पूर्णकालिक 08, क्षेत्रीय अधिकारी 01, प्रांतीय अधिकारी 02, स्थानीय व्यवस्था में 121 कुल 1211 की उपस्थिति रही। उद्‌घाटन में प्रदेश सचिव, मा. श्री रामलाल सिंह एवं समापन में क्षेत्रीय संगठन मंत्री मा. श्री ख्यालीराम जी का सानिध्य प्राप्त हुआ।

11. **प्रांतीय सेवा स्थायित्व, नवीन, कार्यरत आचार्य एवं प्रधानाचार्य विकास वर्ग :** विद्या भारती विद्यालयों में आचार्यों के बीच एवं भैया बहनों के बीच गुणात्मक एवं शैक्षिक विकास हो इस हेतु प्रत्येक वर्ष प्रशिक्षण का आयोजन होता आया है। यह प्रशिक्षण बघनगरी में 24 मई-2026 से 12 जून-2026 (20 दिनों) तक चला। वृत निम्न है

| | | |
|---|---|---|
| सेवा स्थयित्व | - | 127 आचार्य/दीदी, |
| नवीन | - | 170 आचार्य/दीदी, |
| कार्यरत सी. डी. श्रेणी | - | 14 आचार्य/दीदी |
| प्रधानाचार्य विकास वर्ग | - | 29 प्रधानाचार्य |
| कुल उपस्थिति | - | 340 |

इस प्रशिक्षण में अखिल भारतीय उपाध्यक्ष श्री अवनीश भटनागर एवं अखिल भारतीय मंत्री श्री ब्रम्हाजी राव तथा क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री ख्यालीराम जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रदेश सचिव, श्री रामलाल सिंह एवं सभी विभाग निरीक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ साथ ही तीन दिवसीय पद्धति पर आधारित वर्ग का संचालन भी हुआ।

## आगामी कार्यक्रम

01. **क्षेत्रीय समूह खेलकूद ( कबड्डी एवं खो-खो ) :** प्रत्येक प्रांत से विजेता भैया/बहन अपने टीम के साथ क्षेत्रीय समूह खेलकूद में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 27-28 जून-2026 को सरस्वती विद्या मंदिर, बरवतसेना, बेतिया, पश्चिमी चम्पारण में आयोजित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिन खेल समाप्ति के बाद प्रस्थान हो सकेगा। एक दिन पूर्व आने वाले विद्यालय पूर्व सूचना करेंगे। शुल्क 600+100=700(सात सौ) रुपये मात्र है। स्वागत एवं आवागमन की व्यवस्था रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर उपलब्ध रहेगी।

02. **पंचपदी अधिगम शिक्षण प्रक्रिया कार्यशाला :** विद्यालयों में गुणवतापूर्ण शिक्षण कौशल का विकास हो तथा NEP-2020 के अनुसार पंचपदी शिक्षण कौशल पर कक्षाएँ चले इस हेतु यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यशाला 01-05 जुलाई-2026 तक सरस्वती विद्या मंदिर, केशव नगर, सदातपुर, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। सभी प्रतिभागी एक Lesson Plan बनाकर साथ लाएँगे जो पंचपदी पर आधारित हो। प्रथम दिवस आगमन सायं 05 बजे तक एवं प्रस्थान अंतिम दिन सायं 05 बजे के बाद हो सकेगा। दिनचर्या की आवश्यक सामग्री साथ लाएँगे। शुल्क 1500/- (एक हजार पाँच सौ) रुपये मात्र है।

03. **प्रांतीय छात्रावास प्रमुख बैठक :** सम्पूर्ण प्रांत में चल रहे छात्रावास (भैया/बहन) की एकरूपता हो, अध्ययन, अध्यापन समान हो, व्यवस्था ठीक हो, इस हेतु प्रांतीय छात्रावास प्रमुख बैठक दिनांक 27-29 जुलाई-2026 तक सरस्वती विद्या मंदिर, सैनिक स्कूल, मोतीबाग, किशनगंज में आयोजित है। छात्रावास युक्त विद्यालय के सचिव, प्रधानाचार्य, छात्रावास प्रमुख एवं प्रमुख वार्डन अपेक्षित है। शुल्क 900/- (नौ सौ) रुपये मात्र है।

04. **सी. डी. श्रेणी प्रधानाचार्य बैठक :** अपने प्रांत में चल रहें सामान्य विद्यालय जो अपनी योजना को लागू करने में अहम भूमिका निभाते है, ऐसी श्रेणी के प्रधानाचार्यो की बैठक 09-10 अगस्त-2026 को शिवालय आचार्य प्रशिक्षण महाविद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिन बैठक समाप्ति के बाद प्रस्थान हो सकेगा। शुल्क 600=00(छः सौ) रुपये मात्र है। विद्यालय का सम्पूर्ण वृत साथ लाना है।

05. **A + B श्रेणी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधानाचार्यें की बैठक :** यह बैठक 11-12 अगस्त-2026 तक श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर, फारबिसगंज, अररिया में आयोजित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन तथा दूसरे दिन समापन के पश्चात प्रस्थान होगा। वृत तैयार कर लाना है - तीन वर्षो का तुलनात्मक वृत परीक्षाफल वृत, सहयोग का वृत, विशेष उपलब्धि यथा सरकारी सेवा में गए भैया बहनों की पूर्ण जानकारी। शुल्क 800/- (आठ सौ) रुपये मात्र है।

06. **क्षेत्रीय जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता 05 जुलाई-2026 को झारखण्ड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में आयोजित है। एक दिन पूर्व सूचना देकर पहुँचा जा सकता है। शुल्क 300+100=400 (चार सौ) रुपये मात्र है।

07. **क्षेत्रीय ताईक्वांडो एवं बैकलिंग प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता 11-12 जुलाई-2026 को पू० त० जगजीवन महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, राजगीर में आयोजित है। शुल्क 600+100=700 (सात सौ) रुपये मात्र है।

08. **क्षेत्रीय बास्केटबाल, हैंडबाल प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता 18-19 जुलाई-2026 को सरस्वती विद्या मंदिर, केशवनगर, सदातुपर, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। प्रथम दिन दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिन खेल समापन के बाद प्रस्थान हो सकेगा। शुल्क 600+100=700 (सात सौ) रुपये मात्र है।

09. **क्षेत्रीय योगासन प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता 11-12 जुलाई-2026 को सरस्वती विद्या मंदिर सादीपुर,

मुंगेर में आयोजित है। प्रथम दिन दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिन खेल समापन के बाद प्रस्थान होना है। शुल्क 600+100=700 (सात सौ) रुपये मात्र है।

10. **क्षेत्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता 19 जुलाई-2026 को दया प्रकाश सरस्वती विद्या मंदिर, माड़नपुर, गयाजी में आयोजित है। शुल्क 300+100=400 (चार सौ) रुपये मात्र है।

11. **क्षेत्रीय वॉलीबॉल एवं कुश्ती प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता 01-02 अगस्त-2026 को सरस्वती विद्या मंदिर, सूर्य मंदिर पथ, औरंगाबाद में आयोजित है। प्रथम दिन दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिन खेल समापन के बाद प्रस्थान होना है। शुल्क 600+100=700 (सात सौ) रुपये मात्र है।

12. **क्षेत्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता 02 अगस्त-2026 को सरस्वती विद्या मंदिर, दर्शन नगर, छपरा में आयोजित है। शुल्क 300+100=400 (चार सौ) रुपये मात्र है।

13. **प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह :** यह समारोह 21-23 अगस्त-2026 तक सुन्दरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर, सैनिक स्कूल, बटहा, रोसड़ा, समस्तीपुर में आयोजित है। प्रथम दिन दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिन खेल समापन के बाद प्रस्थान होना है। स्वागत एवं आवागमन की व्यवस्था रोसड़ा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर उपलब्ध रहेगी। शुल्क 900+100=1000 (एक हजार) रुपये मात्र है।

## अन्यान्य -

- **विलंब शुल्क के साथ अर्धवार्षिक परीक्षा का शुल्क भेजने की अंतिम तिथि :** दिनांक 01-05 जुलाई-2026 तक 200/-(दो सौ) रुपये मात्र विलब दण्ड के साथ अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आदेश पत्र एवं शुल्क Online भेंजे जिससे प्रश्न पत्र निर्गत करने में कोई कठिनाई ना हो।
- **श्री गुरु पूर्णिमा :** श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भैया/बहनों तथा अभिभावकों के अंदर भाव जगा कर समर्पण करावें। हमारा समर्पण जितना अधिक होगा आचार्यो की सुविधा उतनी अच्छी होंगी।
- **अरुणोदय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता :** अरुणोदय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हेतु समय से भैया/बहनों की संख्या प्रांत को भेज दे ताकि ससमय प्रश्न-पत्र आपको मिल जाए।
- **प्रथम बस्ता वेश प्रतियोगिता :** बस्ता-वेश प्रतियोगिता हेतु अभी से तैयारी करें, बस्ता-वेश पूर्ण हो तथा प्रतियोगिता का चित्र मीडिया को भी भेजे।
- **अरुणोदय पत्रिका हेतु रचना एवं चित्र भेजने की अंतिम तिथि :** अरुणोदय पत्रिका में समय से रचना एवं चित्र का हार्ड कॉपी भेजे ताकि आपका चित्र और रचना प्रकाशित हो सके। चित्र सामूहिकता लिए हो।
- **मासिक आय-व्यय फलक :** मासिक आय-व्यय फलक 1,2,3 नियमित रूप से प्रांत को भेजने का कष्ट करें।
- **बकाया राशि का प्रेषण :** गतिविधि शुल्क, परीक्षा शुल्क, समर्पण, पत्रिका शुल्क, ग्रेच्यूटी इत्यादि किसी प्रकार का बकाया शुल्क समय से भेजने पर आपकी पारदर्शिता परिलक्षित होगी।
- **स्वतंत्रता दिवस :** स्वतंत्रता दिवस उत्साह पूर्वक मनाएँ, झांकी, प्रभात फेरी एवं रंगमंचीय कार्यक्रम का आयोजन करें।

यह पत्रक निश्चित रूप से आपके कार्यो के संपादन, मूल्यांकन एवं आप में गुणवता का संचार करने में सहायक सिद्ध होगा। आप स्वस्थ एवं सानंद रहकर संगठन की योजना तथा रचना में सहयोग एवं गतिशीलता प्रदान करते रहे। इसी विश्वास एवं मंगलकामनाओं के साथ -

इति शुभम् !

*भवदीय*

(रामलाल सिंह)
प्रदेश सचिव